पंजाब केसरी 23/04/2024

जी.एम.एन. कॉलेज के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ ने करवाई कॉलेज स्तरीय प्रतियोगिताएं

अम्बाला, 22 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के द्वारा विभिन्न विषयों पर कालेज स्तरीय डिबेट, डिक्लेमेशन, स्लोगन राइटिंग, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कविता पाठ, क्विज, निबंध लेखन, पी.पी.टी. डॉक्युमैंट्री एवं स्किट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ये प्रतियोगिताएं मानवाधिकार, मौलिक कर्तव्य, विकलांग व्यक्ति के अधिकार, सूचना का अधिकार एवं यौन उत्पीड़न, बाल विवाह, रैगिंग, मादक पदार्थ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित थीं।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थी। (देवदत्त)

कार्यक्रम के संयोजक एवं कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के प्रभारी डा. सुरेंद्र कुंडू ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी मुद्दों के बारे में जागरूक करना है, ताकि वह अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके और समाज में कानूनी उपायों के प्रति सक्रिय रूप से योगदान दे सके। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को कानूनी जागरुकता के महत्व से रूबरू करवाया गया, जिससे वे समाज में सक्रिय नागरिक बन सके और अपने समुदाय के साथ एक साथ काम कर सके। मंच संचालन प्राध्यापिका जस्मिता के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

प्रतियोगिताओं ने इन विद्यार्थियों ने मारी बाजी

डिबेट में एम.कॉम फाइनल एयर की पूजा एवं बेबी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वही बी.बी.ए. सैकंड ईयर की गुंजन व सिमरनजीत ने द्वितीय स्थान हासिल किया, तृतीय स्थान पर एम.कॉम फाइनल ईयर के शगुन एवं आंचल रहे।

भाषण प्रतियोगिता में एम.कॉम प्रीवियस की निशा सिंह अत्री ने प्रथम स्थान व एम.कॉम फाइनल ईयर की छात्रा पूजा ने द्वितीय स्थान, बी.बी.ए. सैकंड ईयर की छात्रा सेजल ने तृतीय स्थान हासिल किया।

स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में एम.कॉम प्रीवियस ईयर की निशा सिंह अत्री ने प्रथम स्थान, एम.कॉम प्रीवियस ईयर की शैफाली ने द्वितीय स्थान एवं बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र तरुण सेठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऑन द स्पॉट पेंटिंग में एम.कॉम फाइनल ईयर के सुनील ने प्रथम स्थान, एम.कॉम प्रीवियस के छात्र रूपल ने द्वितीय व बी.कॉम तृतीय वर्ष की सुनैना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में एम.कॉम प्रीवियस ईयर की रूपल प्रथम, वहीं बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष की श्रिया द्वितीय और बी.कॉम तृतीय वर्ष की संजना ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। क्विज प्रतियोगिता में बी.बी.ए. तृतीय वर्ष के ध्रुव चौधरी, सुहानी एवं खुशदिल ने प्रथम स्थान, बी.कॉम द्वितीय वर्ष के गौरव भारद्वाज, निष्ठा एवं पार्थ ने द्वितीय स्थान और बी.कॉम फर्स्ट ईयर की अनीशा, एकता एवं प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पी.पी.टी. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जसमीत कौर, द्वितीय स्थान पर गुनीत कौर एवं तृतीय स्थान पर प्रीति कौर रही। डॉक्यूमैंट्री फिल्म में एम.कॉम प्रीवियस ईयर के अंकुश ने पहला स्थान, बी.बी.बी.ए. फर्स्ट ईयर की पलक ने दूसरा स्थान और अश्विनीत बी.बी.बी.ए. फर्स्ट ईयर में तीसरा स्थान हासिल किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में गौरव भारद्वाज बी.कॉम सैकंड ईयर प्रथम स्थान, एम.कॉम फाइनल ईयर की साक्षी ने द्वितीय और एम.कॉम प्रीवियस ईयर की पारुल तृतीय स्थान हासिल किया।

स्किट प्रतियोगिता में एम.कॉम फाइनल ईयर के शगुन, आंचल, प्रीति कौर, प्रीति, सुनील, पूजा और बेबी ने प्रथम, बी.बी.बी.ए. थर्ड ईयर के विद्यार्थी ध्रुव, सुहानी, प्रेरणा, खुशदिल, परव गुरसिमर, अनमोल ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

कार्यवाहक प्राचार्या डा. सीमा कंसल ने विजेता प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए इन सब मुद्दों पर स्वयं व समाज को जागृत करने का आह्वान किया।